श्रम मंत्रालय में राज्य मंत्री और कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री रामजी लाल सुमन) : (क) से (घ) प्रश्न में उल्लिखित जन सभा में उप प्रधान मंत्री ने अहीर और गुर्जर समुदायों सहित अन्य कृषक समुदायों को आरक्षण के लाभ देने के प्रश्न पर विचार करने के लिए हरियाणा सरकार द्वारा नियुक्त गुरनाम सिंह आयोग का हवाला दिया था । यह व्यक्तिगत विचार के प्रकार हैं ।

सिविल पदों और केन्द्रीय सरकार के अन्तर्गत सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम और वित्तीय संस्थाओं में सामाजिक और शैक्षिक रूप से पिछड़े वर्गों के लिए नौकरियों में 27 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने के भारत सरकार के निर्णय (13-8-90 के आदेश में निहित) और मंडल आयोग की रिपोर्ट को विभिन्न रिट याचिकाओं के माध्यम से चुनौती दी गई है । जिस पर उच्चतम न्यायालय की संविधान पीठ द्वारा अब सुनवाई की जा रही है । उच्चतम न्यायालय ने निर्देश दिया है कि भारत सरकार के उपर्युक्त आदेश के कार्यान्वयन पर कोई कदम न उठाया जाए सिवाय इसके कि जब तक सुनवाई नहीं की जाती, लाभान्वित होने वाली जातियों का पता लगाया जाए और 13-8-90 के आदेश के कार्यक्षेत्र का विस्तार न्यायालय की अनुमति के बिना नहीं किया जाएगा ।

सरकार उच्चतम न्यायालय के निर्णय की प्रतीक्षा कर रही है ।

मंडल आयोग की सिफारिशों के विरोध में किए गए आन्दोलन में हुई जान-माल की क्षति

1473. **श्री प्रभाकर राव कलवला :**

श्री सुरेश कलमाडी :

क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मंडल आयोग की सिफारिशों के लागू किए जाने के विरोध में हुए आन्दोलन के परिणामस्वरूप हुई जान-माल की क्षति का ब्यौरा क्या है तथा उन छात्रों के नाम क्या-क्या हैं जिन्होंने आत्महत्या करने का प्रयास किया और जिनकी मृत्यु हो गई थी ;

(ख) क्या सरकार उन परिवारों को, जिन्हें उपर्युक्त अवधि के दौरान जान-माल की क्षति उठानी पड़ी थी, मुआवजा देने का विचार रखती है ;

(ग) यदि हां, तो कब तक और किस रूप में तथा मुआवजे की मात्रा कितनी होगी ; और

(घ) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुबोध कांत सहाय) : (क) से (घ) सभी राज्य सरकारों/संघ शासित क्षेत्रों प्रशासनों से सूचना एकत्र की जा रही है और एक विवरण सदन के पटल पर रखा जाएगा ।

Parties offered technical know-how by NRDc for manufacturing insecticides

1474. SHRI ASHOK NATH VERM A: Will the PRIME MINISTER be pleased to refer to answer to Starred Question 231givn in the Rajya Sabha dated 11th August, 1988 and state what are the names of the parties, alongwith products, who have been offered technical know-how by the National Research Development Corporation for manufacturing insecticides, herbicides fungicides, etc. and on what terms, product-wise?

THE MINISTER OF STATE IN THE PRIME MINISTER'S OFFICE (SHRI KAMAL MORARKA): The names of the parties alongwith products to whom the know-how for the manufacture of insecticides, herbicides and fungicides has beeni released by the National Research Development Corporation (NRDC) for commercial production are set out in Enclosure. The technology payments by way. of lumpsum premium for these insecticides, herbicides and fungicides have ranged